एक नजर में

आशा कार्यकर्ता सबसे कम वेतन पाने वाली श्रमिक हैं प्रोत्साहन राशि के भरोसे होता है गुजारा : कुंडल

बागली। बागली विकासखंड अंतर्गत 365 आशा कार्यकर्ता कार्यरत हे एवं पूरे देवास जिले में 1600 आशा कार्यकर्ता जिनका नाम मध्य प्रदेश शासन स्वास्थ्य सखी दीया है। यह सभी अपनी 24 घंटे की मानवीय स्वास्थ्य सेवाएं अपने निर्धारित क्षेत्र में दे रही है। हालांकि इन्हें रखते समय इनकी शैक्षणिक योग्यता को नगण्य माना था। लेकिन धीरे-धीरे उनके दायित्व कार्य बढ़ाते गए लेकिन वेतन मात्र 2000 ही रहा वेतन वीसंगति को लेकर कांग्रेस ने बीजेपी को घेरा भारतीय जनता पार्टी सरकार महिलाओं के हित की बात करती है लेकिन पूरे देश में लाखों की संख्या में कार्यरत आशा कार्यकर्ता सबसे कम पारिश्रमिक पर इतना अधिक और जवाबदारी वाला कार्य कर रही है। इनका वेतन भी सम्मान पूर्वक मिलना चाहिए उक्त बातें कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष तथा कन्नौद खातेगांव के पूर्व विधायक कैलाश कुंडल ने आशा कार्यकर्ताओं के शिष्ट मंडल के सम्मुख कहते हुए नवभारत समाचार पत्र को जानकारी दी कैलाश कुंडल का मानना है। कि यदि पारिश्रमिक प्रोत्साहन राशि आशा कार्यकर्ताओं को नहीं मिले तो उन्हें मजबूरी में यह कार्य छोड़ना पड़ेगा शिवराज सिंह सरकार के समय प्रलोभन देते हुए अतिरिक्त 4000 वेतन में जोड़कर देने की बात कही थी। लेकिन कुछ स्थानों पर यह राशि मिल रही है। कुछ स्थानों पर नहीं मिल रही है । भारतीय जनता पार्टी हमेशा से महिला अधिकार विरोधी रही ताजा उदाहरण में मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य के लिए कांग्रेस पार्टी ने महिला कार्यकर्ता मीनाक्षी नटराजन का नाम आगे बढ़ाया लेकिन भारतीय जनता पार्टी की कहनी एवं कथनी में अंतर है ।षडयंत्र पूर्वक मीनाक्षी नटराजन का नाम निरस्त करवा दिया इसलिए महिलाओं के उत्थान के लिए इन लोगों के पास कोई उचित आर्थिक नीति नहीं है। आशा कार्यकर्ताओं के वेतन एवं प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर पुनीत कार्य कर सकते हैं। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि जन्म मृत्यु शादी विवाह टीका करण सहित स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी सभी गाइडलाइन का पालन उन्हें करना रहता है। लगभग 31 कार्य सूची उनके सुपुर्द है। जिसकी सूचना केंद्र पर उन्हें देना रहती है। गर्भवती महिलाओं को टीका लगाने से लेकर अस्पताल ले जाने तक की जिम्मेदारी उनके सुपुर्द रहती है। इसके बदले प्रसाद राशि अवश्य मिलती है लेकिन वहां भी देर सवेर इस प्रकार अन्य कार्य की भी प्रोत्साहन राशि आती है सभी राशि मिलाकर उनका वेतन 5000 से 6000 तक बनता है। जो सबसे कम श्रम है। गुरुवार को बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य सखियां बागली विधायक मुरली भंवरा के जनता दरबार में भी अपनी समस्या को लेकर पहुंची इस दौरान भागली विधायक मुरली भवरा ने उनका आवेदन पत्र लेकर कहा कि वह कैबिनेट में इस मामले को जरुर उठाएंगे।

होम कंपोस्टिंग से घरों में जैविक कचरे का प्रबंधन करने वाले नागरिकों का सम्मान

देवास। निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में स्वच्छ वार्ड एवं स्वच्छता को लेकर रहवासी संघों एवं स्वच्छता एवं पर्यावरण के क्षेत्र में निगम की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले जागरूक नागरिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन रहवासियों को सम्मानित किया गया, जो अपने घरों में गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्कीकरण रहे हैं तथा होम कंपोस्टिंग के माध्यम से जैविक कचरे का उचित प्रबंधन कर स्वच्छता अभियान में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। संस्था के टीम लीडर मिथलेश चौकसे, सुपरवाइजर शहनवाज शेख एवं मुकेश सोलंकी ने संयुक्त रूप से बताया कि स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्कीकरण और होम कंपोस्टिंग अपनाने से कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन संभव होता है तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे नागरिक समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और इनके प्रयास स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान नागरिकों को घरों में गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, जैविक कचरे से खाद बनाने तथा स्वच्छता संबंधी सभी कार्यों को अपनी दिनचर्या में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने स्वच्छ एवं सुंदर देवास के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी बनाए रखने का संकल्प लिया। नगर निगम की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन द्वारा की गई यह पहल नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

मातृ जन्मशती वर्ष में प्रतिदिन 4 घंटे समयदान करें : महेश केवट

- जिला स्तरीय शताब्दी संकल्प अनुयाज कार्यशाला गायत्री शक्तिपीठ पर संपन्न हुई
- जिले की सभी तहसीलों के कार्यकर्ता पहुंचे कार्यशाला में

देवास। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में देशभर में शताब्दी अनुयाज संकल्प कार्य शालाओं का आयोजन लगातार किया जा रहा है, इसी कड़ी में गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर देवास पर भी इन्दौर उपजोन प्रभारी महेश केवट के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय शताब्दी संकल्प कार्यशाला संपन्न हुई जिसका एक ही उद्देश्य कार्यकर्ताओं में संकल्प शक्ति का जागरण करना है।

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि अति विशिष्ट जिला स्तरीय शताब्दी संकल्प अनुयाज कार्यशाला में इंदौर उपजोन प्रभारी महेश केवट, बाबूलाल खंडेलवाल, प्रमोद निहाले, देवीशंकर तिवारी, हरिराम जिराती, रमेशचन्द्र मोदी ने संबोधित किया ।कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं श्रीवेदमाता गायत्री व गुरु वंदना के साथ हुई जिसमें गायत्री शक्तिपीठ की देवकन्याओं ने मधुर प्रज्ञा गीतों से समां बांध दिया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में इंदौर उपजोन प्रभारी महेश केवट ने संगठन पर जोर देते हुए कहा कि आज गायत्री साधक को मातृ जन्म शताब्दी वर्ष में प्रतिदिन कम से कम 4 घंटे समयदान देना जरूरी है साथ ही हमारा प्रत्येक कार्यकर्ता किसी न किसी मंडल से जुड़ा होना अति आवश्यक है। मंडलों का विस्तार करना हम सभी परिजनों का सबसे महत्वपूर्ण कार्य हैं। कार्यशाला में बाबूलाल खंडेलवाल ने कैसे हो हमारे कार्यकर्ता और उनका स्व अनुशासन एवं संस्थान रिकॉर्ड रिपोर्टिंग विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। शताब्दी अनुयाज कार्यशाला में युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने नशाबंदी एवं कुरीति उन्मूलन आंदोलन पर विस्तार से समझाया और प्रशिक्षण में आए कार्यकर्ताओं को नशे और पर्यावरण संरक्षण पर बारीकी से जागरूक करने का सफल प्रयास किया।

महिला सूदखोर से परेशान व्यक्ति ने जहर खाकर दी जान

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र में सूदखोरी और प्रताड़ना से जुड़े मामले में एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. मामले में पुलिस ने महिला सूदखोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि नंदबाग निवासी राजेश साहू पिता छगनलाल साहू ने 13 मार्च को जहर खा लिया था. गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई थी. जांच के दौरान मृतक के बेटे अजय साहू सहित अन्य परिजनों के बयान लिए गए. परिजनों ने बताया कि राजेश ने कुछ समय पहले क्षेत्र की ही रोशनी साहू से 50 हजार रुपए उधार लिए थे.

ब्लॉक कांग्रेस ने किया मैराथन दौड़ का आयोजन

बागली। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के जन्म दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस बागली द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। यह दौड़ लगभग 2 किलोमीटर की रहेगी मंडी गेट बागली से शुरू होकर गांधी चौक बागली में इसका समापन होगा ब्लाक कांग्रेस पदाधिकारी ने बताया कि शुक्रवार 19जुन को प्रात: 6 बजे से दौड़ आरंभ होगी इस मैराथन दौड़ में सभी वर्ग के सहभागी भाग लेंगे इस दौड़ को उत्साह वर्धक बनाने के लिए प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार भी रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 3100 द्वितीय पुरस्कार 2100 प्रति पुरस्कार 1100 रखा गया है। उक्त जानकारी बागली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप गुर्जर ने देते हुए बताएं कि राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के प्रणेता नेता है। और उनका मानना है ।कि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ सरकार चुन सकता है। युवा दौड़ेगा देश बढ़ेगा स्वस्थ युवा सशक्त भारत का नारा बुलंद करते हुए इस दौड़ को सफल बनाने के लिए सभी प्रयास किए गए।

अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी पर मंडरा रहा संकट टला

इंदौर. इंदौर से यूएई जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिली है. एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इंदौर अबुधाबी के बीच नई सीधी फ्लाइट शुरू करने का ऐलान किया है. इस सेवा की बुकिंग शुरू हो चुकी है और पहली उड़ान 17 जुलाई से संचालित होगी. इससे ठीक पहले कंपनी ने इंदौर शारजाह फ्लाइट को अपने सिस्टम से हटाते हुए उसकी बुकिंग बंद कर दी है, जिससे शुक्रवार से यह सेवा प्रभावी रूप से बंद मानी जा रही है. दरअसल, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 28 फरवरी से इंदौर शारजाह उड़ान रोक दी थी.

दीप प्रज्वलन के साथ महेश नवमी महोत्सव शुरू

देवास। माहेश्वरी समाज के मीडिया प्रभारी राजेंद्र मूंदड़ा ने बताया कि सात दिवसीय महेश नवमी महोत्सव का शुभारंभ भेरूगढ़ स्थित राम मंदिर में भगवान उमा महेश की पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ।

अतिथि समाज के जिला अध्यक्ष कैलाश डागा, जिला महामंत्री प्रकाश मंत्री, देवास के अध्यक्ष दिनेश एम भूतड़ा, युवा संगठन के अध्यक्ष नितिन चांडक, माहेश्वरी महिला संगठन की अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य रंजना परवाल, देवास अध्यक्ष अनीता मंत्री एवं सखी संगठन अध्यक्ष अलका भूतड़ा मंच पर उपस्थित थी। सभी अतिथियों एवं सभी वरिष्ठ जनों का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। महेश वंदना की प्रस्तुति शशि चांडक, मीनाक्षी डागा, हर्षिता भूतड़ा, रितिका परवाल, श्वेता लाठी ने दी। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में संगठन को मजबूत करने की बात कही एवं महेश नवमी को अपने अपने घरों पर दीपक एवं विद्युत सज्जा करने पर जोर दिया तथा जिला सभा द्वारा महेश नवमी पर कुछ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है उस पर विस्तृत चर्चा की। इसके पश्चात सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

वनकर्मियों पर हुए हमले के विरोध में वन कर्मचारी संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

देवास। म.प्र. वन कर्मचारी संघ जिला शाखा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण निनामा के नेतृत्व में वन कर्मचारियों पर हुए हमले के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें बताया गया कि 13 जून को वन परिक्षेत्र जिनवानी की बीट कमलापुर के वन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने गए वन अमले पर समीप के ग्राम भील आमला एवं अन्य ग्राम के अतिक्रमणकारियों द्वारा घेराबंदी कर हमला कर दिया जिसमें कई वन कर्मी घायल हो गए। वन कर्मचारी संघ द्वारा मांग की गई कि आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन पर रासुका की कार्यवाही की जाए साथ ही घायल कर्मियों का इलाज का खर्च शासन द्वारा वहन किया जाए।

अहंकार और अभिमान है अनेक बुराइयों की जड़ : आदित्य मुनि

इंदौर. हीनता और श्रेष्ठता, दोनों ही आत्मिक प्रगति में बाधक हैं. जीवन में आगे बढ़ने के लिए समता का भाव होना चाहिए क्योंकि समता ही आत्मा का स्वाभाव है और समभाव ही सच्चे सुख का आधार है. अहंकार और अभिमान अनेक बुराइयों की जड़ है.

ये विचार हैं आचार्य रामेश के सुशिष्य आदित्य मुनि महाराज के, जो उन्होंने साकेत नगर, बैकुंठ धाम में साधुमार्गी जैन समता संघ के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किए. आचार्य भगवन रामलाल के शिष्य आदित्य मुनि एवं अटलमुनि अदिठाना द्वारा बैकुंठ धाम कॉलोनी में बड़े गार्डन के सामने नियमित रूप से प्रवचनों की अमृत वर्षा की जा रही है. गुरुवार को भी सुबह 9 से 10 बजे तक मुनिश्री के प्रवचनों की अमृतवर्षा बैकुंठ धाम पर होगी. मनीष बोहरा ने बताया कि आदित्य मुनि के मंगल प्रवेश के पश्चात प्रतिदिन उनके मुख से प्रवाहित हो रही धर्म वाणी का पुण्य लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान कर रहे हैं.

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर सुनीं समस्याएं

देवास। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुये पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने एवं सुशासन और जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिले में 'जनकल्याण शिविरों' का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत खटाम्बा में आयोजित जनकल्याण शिविर में मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन पहुँचे। मुख्य सचिव श्री जैन ने जनकल्याण शिविर में ग्रामीणों के बीच पहुँचकर उनसे आत्मीय संवाद कर फीडबैक लिया। इस दौरान संभाग आयुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, डीएफओ अमित सिंह, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एसडीएम अभिषेक शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने औपचारिकता से दूर हटकर सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनसे बातचीत की और शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने शासकीय योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लिया।

तेज गति और तेज आवाज में दौड़ रहे ट्रैक्टर को न्यायाधीश के आदेश पर पुलिस ने किया जब्त

सोनकच्छ। नगर में तेज गति एवं तेज आवाज के साथ लापरवाहीपूर्वक संचालित किए जा रहे एक ट्रैक्टर के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे जब्त कर लिया। यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देश पर की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक द्वारा वाहन को तेज रफ्तार एवं अत्यधिक ध्वनि के साथ सार्वजनिक मार्ग पर चलाया जा रहा था, जिससे आमजन को परेशानी होने के साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई थी। मामले की जानकारी मिलने पर न्यायाधीश द्वारा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

निर्देशों के पालन में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले तथा आमजन की सुरक्षा को खतरे में डालने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

भजन मंडली को दी सहयोग राशि से खरीदे वाद्य यंत्रों की प्रथम प्रस्तुति नर्मदा मंदिर पर

बागली/पीपरी। विगत दिनो ग्राम पंचायत मुख्यालय पिपरी में देवास जिला अध्यक्ष द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया । इस आयोजन में दूर दराज से आए ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्या देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह को बताई कुछ समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया।

पिपरी की भजन मंडली को देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा संस्कृति विभाग से 50000 की राशि भजन के उपयोग में आने वाले वाद्य यंत्रों को खरीदने के लिए प्रदान की गई। समिति सदस्य नादान सिंह झलेरिया रुखा साहेब नरदास भाई कमल भाई कोली दिलीप भाई तथा उनकी समस्त भजन मंडली द्वारा वाद्य यंत्र खरीद कर माता रानी के आभार स्वरूप सबसे पहली भजन प्रस्तुति नर्मदा मंदिर पर करते हुए प्रसन्नता जाहिर की कलेक्टर द्वारा दी गई राशि से खरीदे गए वाद्य यंत्रों से भजनो की प्रस्तुति के साथ उन्होंने देवास जिलाधीश का आभार भी व्यक्त किया। बताया कि खरीदे गए वाद्य यंत्रों की शुरुआत यहीं से कर रहे हैं। इस दौरान मां नर्मदा भक्त गिरधर द्वारा भजन मंडली के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रस्तुत किये सभी भजनों का आनंद लिया भजन प्रस्तुति के बाद भोजन व्यवस्था मंदिर समिति की ओर से की गई।

कांग्रेस ने की सतवास, लोहारदा और काटाफोड़ में नए कांग्रेस कप्तानों की घोषणा, कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह, जमकर आतिशबाजी

सतवास। तहसील के सतवास/लोहारदा/काटाफोड़ लंबे समय से चल रहे कयासों और सियासी अटकलों पर आखिरकार विराम लग गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी ने मंगलवार को सतवास तहसील के तीन प्रमुख केंद्रों के लिए नए नगर अध्यक्षों की बहुप्रतीक्षित सूची में नाम जारी कर दिए। इस नई सूची में सतवास की कमान कंवर खान को, लोहारदा की जिम्मेदारी अंकुश सायडा को और काटाफोड़ का जिम्मा गुरमीत भटिया को सौंपा गया है। इन नियुक्तियों के साथ ही स्थानीय कांग्रेस संगठन में नई ऊर्जा का संचार देखा जा रहा है। सतवास में ढोल-ताशों और आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत कंवर खान को सतवास का नया नगर अध्यक्ष बनाए जाने की खबर मिलते ही महाराणा प्रताप चौराहा, राजीव चौक और बस स्टैंड पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी एकत्र हुए। ढोल-बाजे की थाप पर थिरकते कार्यकर्ताओं ने नए नगर अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। इस गरिमामयी स्वागत समारोह में क्षेत्र के कांग्रेसी नेता एकजुट नजर आए।

> ओम पटेल (पूर्व जनपद अध्यक्ष), अमरजीत सिंह चड्ढा (पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष)विजय सिंह गौड़ (पूर्व नगर अध्यक्ष), वहीद खान सदर (पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि),इमरत खान (पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष), कांग्रेस नेता बाबू लाल यादव, तालिब शेख,राधे श्याम कलिया, अजय व्यास, रमजान खान, और पुन्नड शेख , कैलाश वर्मा ,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए । चर्चा में रहा सतवास का सियासी गणि 2 साल में तीसरे अध्यक्ष राजनीतिक गलियारों में इस बात की खासी चर्चा है कि सतवास में सबसे लंबे समय तक ब्लॉक अध्यक्ष ओम पटेल के साथ , अमरजीत सिंह चड्ढा ओर विजय सिंह गौड़ कांग्रेस अध्यक्ष रहे।

तालाब गहरीकरण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

इंदौर. शहर में जल संरक्षण और भूजल संवर्धन को लेकर निगम निरंतर प्रयास कर रहा है. इस क्रम में आज महापौर ने शहर में लिंबोदी तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य निरीक्षण किया. साथ ही विकास कार्य होने के बाद पौधारोपण किया जाएगा. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज लिंबोदी तालाब में अमृत योजना के तहत लगभग 5 .50 करोड़ रुपए से गहरीकरण, वॉल पिचिंग और सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया. उन्होंने बताया कि लिंबोदी तालाब भरने के बाद इसका अतिरिक्त जल बिलावली तालाब तक भी पहुंचेगा और भूजल स्तर सुधारने में सहायता मिलेगी. महापौर ने कहा कि तालाब किनारे भविष्य में व्यापक स्तर पर पौधारोपण भी किया जाएगा.

सोनकच्छ-जलेरिया मार्ग | जलभराव, गड्ढों और दुर्गंध से लोग परेशान, भागीरथपुरा जैसी घटना की पुनरावृत्ति न हो जाए

ट्रेंचिंग ग्राउंड का गंदा पानी कालीसिंध तक पहुंचने की आशंका

सोनकच्छ। प्री मानसून की तेज बारिश ने ही सोनकच्छ-जलेरिया मार्ग की बदहाल स्थिति उजागर कर दी है। सड़क पर जगह-जगह जलभराव होने से राहगीरों, वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी से भरे गड्ढों के कारण सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देती, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार जलेरिया मार्ग स्थित एक निजी स्कूल के सामने लंबे समय से बड़ा गड्ढा बना हुआ है। बारिश के दौरान इसमें पानी भर जाने से यह पूरी तरह छिप जाता है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को रोजाना जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरना पड़ता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक संतुलन खो देते हैं और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

स्थिति को और गंभीर बना रहा है मार्ग के समीप स्थित सोनकच्छ ट्रेंचिंग ग्राउंड- यहां पड़े कचरे से उठने वाली दुर्गंध आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के साथ-साथ स्कूल के बच्चों और शिक्षकों के लिए भी परेशानी का कारण बनी हुई है। बारिश के दौरान ट्रेंचिंग ग्राउंड से निकलने वाला गंदा और दूषित पानी बहकर पीलिया खाल में पहुंचता है और वहां से आगे कालीसिंध नदी में मिलने की आशंका जताई जा रही है।